भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 915

04 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए

डीडीए की न बेची गई इन्वेंट्री

†915. श्री बलवंत बसवंत वानखडेः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नरेला, लोकनायक पुरम, सिरसपुर, द्वारका, आजादपुर, जसोला, रोहिणी, अशोका पहाड़ी और अन्य अधिसूचित स्थानों सहित ईडब्ल्यूएस, जनता, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी श्रेणियों को शामिल करते हुए डीडीए फ्लैटों की न बेची गई इन्वेंट्री का स्थान-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निपटान के लिए प्रस्तावित नव निर्मित डीडीए फ्लैटों की श्रेणी-वार संख्या कितनी है; और
(ग) दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा नरेला में कुल कितनी आवासीय इन्वेंट्री (पुरानी और नई) निर्मित की गई है, अब तक किए गए आवंटन की कुल संख्या कितनी हैं और कितने फ्लैट अभी तक बेचे नहीं गए हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) दिल्ली में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की न बेची गई इन्वेंट्री का डीडीए द्वारा प्रदान किया गया स्थान-वार और श्रेणी-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख) डीडीए ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में पहली बार ऑफर किए जाने वाले डीडीए फ्लैटों (नव निर्मित) का विवरण आगे दिया है:

1. डीडीए टावरिंग हाइट्स कड़कड़डूमा हाउसिंग योजना 2025 के तहत कड़कड़डूमा में 1026 एमआईजी 2-बेडरूम-हॉल-किचन (बीएचके) फ्लैट।

2. उपर्युक्त डीडीए टावरिंग हाइट्स कड़कड़डूमा हाउसिंग योजना 2025 के आबंटियों के लिए कड़कड़डूमा में 498 1-रूम किचन (आरके) फ्लैट सामुदायिक सेवा कार्मिक फ्लैटों के तौर पर इस्तेमाल किए जाएंगे।

3. डीडीए कर्मयोगी आवास योजना 2025 के तहत , नरेला के सेक्टर ए1 से ए4 के पॉकेट 9, 6 और 13 में 3656 फ्लैट हैं, जिनमें 856 एचआईजी (3-बीएचके), 1800 एमआईजी (2- बीएचके) और 1000 (1- बीएचके) हैं ।

4. इसके अलावा, नरेला के सेक्टर ए1 से ए4, पॉकेट 11 में 900 एचआईजी (3- बीएचके), 1750 एमआईजी (2- बीएचके) और 1016 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों सहित कुल 3666 फ्लैट भी इस वित्तीय वर्ष में ऑफर किए जाने की संभावना है।

(ग) डीडीए ने सूचित किया है कि नरेला में कुल फ्लैटों की संख्या 62801 है, जिनमें से अब तक 31314 आबंटित हुए हैं और 31487 फ्लैट नहीं बिके हैं।

***

अनुलग्नक

डीडीए की न बेची गई इन्वेंट्री का विवरण

स्थान	ईडब्ल्यूएस/ 1बीएचके⁎/ 1-आरके⁎⁎	एचआईजी	एसएफएस श्रेणी-II	एलआईजी	एमआईजी	कुल
नरेला	3395	1125	-	24712	2255	31487
कड़कड़डूमा	498	-	-	-	1026	1524
लोकनायक पुरम	-	-	-	62	160	222
सिरसापुर	44	-	-	443	-	487
द्वारका	39	-	4	3	24	70
नसीरपुर (द्वारका)	44	-	-	-	-	44
अज़र पुर	66	-	-	-	-	66
जसोला	-	16	-	-	-	16
वसंत कुन्ज	-	-	1	-	-	1
रोहिणी	50	-	5	27	30	112
अशोक पहाड़ी	-	-	-	14	9	23
कुल	4136	1141	10	25261	3504	34052

⁎ बेडरूम-हॉल- किचन

⁎⁎ रूम किचन